नीचे दिए गए केस स्टडी को पढ़कर सही विकल्प वाले उत्तर को चुनिए-. **1x8=8**

आज भारतवर्ष की तपोभूमि पर नैतिक मूल्यों का पतन निरंतर जारी है। यही कारण है कि आज स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भी हम स्वयं को स्वतंत्र नहीं कह सकते । चोरी,डकैती, हिंसा, कालाबाजारी, भ्रष्टाचार और बेईमानी जैसी अनैतिक प्रवृत्तियों ने भारत की तस्वीर को विकृत कर दिया है । सत्य, अहिंसा ,परोपकार की भावना तो लुप्त ही होती जा रही है। यह तो हमें मानना ही पड़ेगा कि वैज्ञानिक दृष्टि से भारत ने पिछले **70** वर्षों में असंभव को संभव कर दिखाया है लेकिन प्रगति के साथ-साथ समस्याओं ने भी जन्म ले लिया ।आज भारतवर्ष शांतिप्रिय नहीं रहा क्योंकि देश की प्रगति की बाढ़ ही उसे खाए जा रही है। भ्रष्ट नेताओं के कारण भारत की तस्वीर के रंग फीके पड़ते जा रहे हैं। आज हम असुरक्षा की भावना से ग्रस्त हैं। कभी धर्म के नाम पर झगड़े , कभी आरक्षण को लेकर झगड़े होते जा रहे हैं। आज आतंकवाद के राक्षस ने सब को दबोच रखा है। इन सब के पीछे हमारी भ्रष्ट राजनीति है। जब राजनेता रिश्वत लेकर कार्य करें तो क्या वे अपने राष्ट्र से प्रेम कर सकेंगे, कदापि नहीं। फिर हम उनसे कैसे आशा कर सकते हैं कि वे हमारे भारत की तस्वीर को विश्व के मानचित्र पर चमकाएंगे।

**I)** किसने भारत की तस्वीर को विकृत कर दिया है**?**

**A)** नैतिक मूल्य
**B)** अनैतिक प्रवृत्तियों ने
**C)** वैज्ञानिक दृष्टि ने
**D)**धार्मिक दृष्टिकोण ने

**2)** किस कारण भारत की तस्वीर के रंग फ़ीके पड़ते जा रहे हैं**?**

**A)** भ्रष्ट नेताओं के कारण
**B)** राष्ट्रप्रेम के कारण
**C)** परोपकार के कारण
**D)** आरक्षण के कारण

**3)** आजकल कौन**-** कौन सी भावना लुप्त होती जा रही है हैं**?**

**A)** सत्य
**B)** परोपकार
**C)** अहिंसा
**D)** ऊपर के सभी विकल सही है

**4)** पहले भारत किस की तरह था**?**

**A)** तपोभूमि
**B)** हरिभूमि
**C)** देवभूमि
**D)** इनमें से कोई नहीं

**5)** पिछले **70** वर्षों में वैज्ञानिक दृष्टि से भारत का प्रयास कैसा रहा**?**

**A)** विज्ञान के क्षेत्र में काफी पिछड़ा रहा

**B)** वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए हमें विदेशों पर निर्भर रहना पड़ा
**C)** विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने असंभव को संभव कर दिखाया
**D)** भारतीयों का वैज्ञानिक प्रगति के क्षेत्र में कभी कोई समर्थन नहीं रहा।

**6 )** प्रगति ने भारत को किस प्रकार प्रभावित किया**?**

**A)** नई समस्याओं को जन्म देकर
**B)** नए धर्मों को जन्म देकर
**C)** नए सिद्धांतों को जन्म देकर
**D)** नई भाषा को जन्म देकर

**7)**भ्रष्टाचार और भ्रष्ट नेताओं का आम जनता पर क्या प्रभाव पड़ा है**?**

**A)** सभी सुरक्षित हैं।
**B)** सभी असुरक्षा की भावना से ग्रस्त हैं।
**C)** सभी अपने देश छोड़कर दूसरे देश को जाकर बस रहे हैं
**D)** देश के आम लोगों के लिए कानून व्यवस्था ढीला पड़ गया है।

**8)** आज समय**-**समय पर देश में किस कारण वाद**-** विवाद और झगड़े हो रहे हैं**?**

**A)** धार्मिक भेदभाव के कारण
**B)** विभिन्न क्षेत्रों में आरक्षण के कारण
**C)** बदलते मौसम के कारण
**D)** भ्रष्ट राजनीति और भ्रष्टाचारियों के कारण

नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प वाले उत्तर को चुनिए**-.** **1x7=7**